# घर बैठे सबसे बढ़िया और ज्यादा आय वाली नौकरियां

पिछले एक वर्ष में पूरी दुनिया ने वर्क फ्रॉम होम को अपनाया है और ये उन सिंगल मदर्स के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है जो कि आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना चाहती हैं...



**डॉ. मालिनी सबा**
संस्थापक और चेयरमैन,
सबा ग्रुप एंड अनान्के फाउंडेशन

कोविड-19 ने हमारे जीवन को बदलने के अलावा, कुछ महत्वपूर्ण और सकारात्मक बदलाव भी लाए हैं। जैसे कि पूरी दुनिया ने वर्क फ्रॉम होम को अपनाया है और इस संस्कृति ने सभी लोगों को समाज के शोषण, अपमान और भेदभाव से अलग हटाकर एक जगह पर पहुंचाया है। ये उन सिंगल मदर्स के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है जोकि आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना चाहती है और असंख्य चुनौतियों से जूझ रही है। इस सर्वव्यापी महामारी में सिंगल मदर्स घर से आसानी से काम करके पैसे कमा सकती हैं और अपनी आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने की राह पर चल सकती हैं। हां, इस महामारी ने महिलाओं को एक उम्मीद की किरण दी है। अब आपको इस मुश्किल समय में अपनी आमदनी और व्यवसाय की फिक्र करने की जरुरत नहीं है। यह है कुछ नौकरी के विकल्प जिससे कि इस महामारी में घर पर रहकर भी आप पैसा कमा सकती है।

## ट्रेडिंग

आपने सुना होगा कि शेयर बाजार में बड़ी आसानी से पैसा बनाया जा सकता है। यह सच है कि शेयर बाजार में ट्रेडिंग का काम चालू करना बहुत आसान हो गया है। "ट्रेडिंग फ्लोर कल्चर' कुछ महिलाओं के लिए हमेशा से एक बाधा रहा है परन्तु इस टैकनोलजी की दुनिया में स्मार्टफोन ने विदेशी मुद्रा और ट्रेडिंग को बहुत हे आसान बना दिया है। इस अवधि के परिणामस्वरूप, स्व-प्रेरित व्यापारियों के लिए कहीं काम करना आसान हो गया है। ट्रेडर्स महिला को सशक्त बनने में मदद करते है और जिस वातावरण में पहले वो असमर्थ थी, उसमे वो बहुत ही आगे तक बढ़ चुकी हैं। शेयर बाजार रोज रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं और प्रतिदिन नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं, इसलिए सिंगल मदर्स के लिए कमाई का एक आकर्षक जरिया है। इसके द्वारा वो अपने बच्चों के साथ घर पर रहते हुए अच्छा पैसा कमा सकती है ।

## ब्लॉगिंग

ब्लॉगिंग करने का एक स्वतंत्र माध्यम हैं जिसमें ब्लॉगर अपनी बात, अनुभव, ज्ञान, कौशल, हुनर आदि को वीडियों के जरिए दर्शकों के साथ शेयर करता है। आज इसे यूट्युबिंग भी कहते है और वीडियो बनाने वाले को यूट्यूबर्स कहते है। आप अपने घर में आराम से बैठकर बहुत सारे अलग-अलग विषयों पर व्लॉगिंग कर सकते हैं, जिसमें कुकिंग से लेकर टीचिंग, फैशन से लेकर ट्रैवल व्लॉग तक बहुत सारे विकल्प है। इससे आप एक इन्फ्लुएंसर बन सकते हैं और आपको अच्छी रकम भी मिल जाएगी, जिससे आप आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो जाएंगे। सिंगल मदर्स के लिए अच्छा विकल्प है।

## डिजिटल मार्केटिंग

आज के युग में सब ऑनलाइन हो गया है। इंटरनेट ने हमारे जीवन को बेहतर बनाया है और हम इसके माध्यम से कई सुविधाओं का आनंद केवल फोन या लैपटॉप के जरिये ले सकते है। ऑनलाइन शॉपिंग, टिकट बुकिंग, रिचार्ज, बिल पेमेंट, ऑनलाइन ट्रांसक्शन्स आदि जैसे कई काम हम इंटरनेट के माध्यम से कर सकते है। इंटरनेट के प्रति लोगों के इस रुझान की वजह से बिजनेस डिजिटल मार्केटिंग (Business Digital Marketing) को अपना रहे है। डिजिटल मार्केटिंग नये



## इंटीरियर डिजाइन

**क्या** आपको कमरों और फर्नीचर को सजाना अच्छा लगता हैं? अगर आपके लिए इन प्रश्नों का उत्तर 'हां' हैं, तो आप इंटीरियर डिजाइनर के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। ब्याज दर कम होने के साथ, कम कीमत पर घर खरीदना पूरे भारत के लोगों के लिए एक अच्छा विकल्प बन गया है। इस प्रकार नए खरीदे गए घरों में आंतरिक डिजाइन की आवश्यकता होगी। तो इस महामारी में यह नया फलदायक खंड आपको घर से इस नौकरी को लेने और इस महामारी में बहुत बड़ी राशि कमाने में सक्षम करेगा। इसलिए, भले ही आपको इंटीरियर डिजाइनिंग नहीं आती है, लेकिन आप जल्दी से इसे सीख सकते हैं और आप घर बैठे मोटी कमाई कर सकते हैं।

ग्राहकों तक पहुंचने का सरल माध्यम है। यह विपणन गतिविधियों को पूरा करता है। इसे ऑनलाइन मार्केटिंग भी कहा जा सकता है। कम समय में अधिक लोगों तक पहुंचकर विपणन करना डिजिटल मार्केटिंग है। यह प्रौद्योगिकी विकसित करने वाला विकासशील क्षेत्र है और ये आपको मोटी कमाई करा सकता हैं ।

### काउंसलर

जीवन में जटिलताएं निरंतर बढ़ती जा रही हैं। इसके अलावा पहले की अपेक्षा विकल्प बढ़ने से लोगों को असमंजस की स्थिति का पहले से ज्यादा सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में लोगों की दिनचर्या तो प्रभावित हो ही रही है, इसका प्रतिकूल प्रभाव उनके भविष्य पर भी पड़ रहा है। इसके अलावा भी कई ऐसी परेशानियां हैं, जो अंदर ही अंदर लोगों को खाए जा रही है और उनका जिक्र लोग घर में या अभिभावकों से नहीं करना चाहते। ऐसे में किसी ऐसे एक्सपर्ट की जरूरत महसूस की जाती है, जो न सिर्फ इन समस्याओं से मुक्ति दिला सके, बल्कि आगे की राह भी दिखा सके। काउंसलर उनकी जरूरत को काफी हद तक पूरा करने की क्षमता रखते हैं।

काउंसलिंग के विभिन्न क्षेत्रों में होती है , जैसे कि करियर काउंसलर, मैरिज काउंसलर, रिलेशनशिप काउंसलर, साइकोलॉजिस्ट काउंसलर, बिहैवियरल काउंसलर, चाइल्ड काउंसलर इत्यादि। तो इस महामारी के बीच में, आप इसे अपना वाहक बना सकते हैं। तो, ये कुछ प्रमुख क्षेत्र हैं जहां एक मां होने के नाते आप अपना करियर बना सकती हैं और आगे बढ़ते हुए आर्थिक रूप से स्वतंत्र बन सकती है।

## फ्रीलांस ट्रांसलेशन

आप अपने देश के अलावा किसी अन्य देश की भाषा को सीखने के उपरांत एक बेहतर ट्रांसलेटर बन सकती हैं। इस क्षेत्र में फ्रीलांस के तौर कई बेहतर विकल्प मौजूद हैं। आप किन्हीं दो देश की भाषा सीखने के बाद एक बेहतर ट्रांसलेटर के रूप में घर बैठे नियमित आय प्राप्त कर सकती हैं।

प्रिय पाठकों...
उड़ान में प्रकाशित लेख व जानकारियां कॅरिअर एवं एजुकेशन एक्सपर्ट्स द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं। हम पूरी सावधानी से इन्हें प्रकाशित करते हैं। फिर भी, किसी जानकारी या लेख में आपको कोई त्रुटि लगे या उड़ान को बेहतर बनाने के लिए आपका कोई सुझाव/शिकायत हो, तो आप हमसे ask-toudaan@amarujala.com पर संपर्क कर सकते हैं।
- धन्यवाद।